**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**` मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए 16 दिन शेष– चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रचार किया तेज़।
- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में 51 करोड़ से अधिक रोजगार हुए सृजित– इंडी एलायंस के दावों को बताया भ्रामक व खोखला।
- कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने का लगाया आरोप– कहा– लोकसभा चुनाव में बुरी तरह होगी परास्त।
- प्रदेश में नामांकन पत्रों की छंटनी के बाद चार संसदीय क्षेत्रों में 40 और 6 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों के नामांकन पाए गए सही।

**स्टार प्रचारक–अनुराग ठाकुर**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए अब 16 दिन शेष रह गए हैं और नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज़ कर दिया है। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों सहित निर्दलीय व अन्य पार्टियों के नेता एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाकर मतदाताओं को अपने–अपने पक्ष में रिझाने में जुटे हैं। आने वाले समय में प्रचार को और तेज करने के लिए भाजपा व कांग्रेस ने अपने 40–40 स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। भाजपा के स्टार प्रचारक और केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने बेरोजगारी और रोजगार के मुद्दे पर इंडी अलायंस के दावों को भ्रामक व खोखला करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से पिछले एक दशक में देश में रोजगार सृजन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि स्कोच समूह द्वारा पिछले 10 वर्षों में भारतीय रोज़गार सृजन पर जारी रिपोर्ट ने विपक्ष के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में सामने आया है कि मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में 51 करोड़ 40 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इससे पहले भारत में भ्रष्टाचार के ऊपर रिपोर्टें आया करती थी लेकिन आज विकास आधारित रिपोर्टें आ रही हैं और जनता को विश्वास है कि देश सुरक्षित हाथों में हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि 51 करोड़ 40 लाख सृजित रोजगार में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हर साल औसतन साढ़े 3 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। उन्होंने कहा कि पिछला दशक भारत की प्रगति का सच्चा दशक बनकर सामने आया है और आने वाला युग भी भारत का है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा।

**सुक्खू**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर कर रही है और कांग्रेस पार्टी ने जनता को सबसे बड़ी ताकत वोट का अधिकार दिया है। वे उत्तर प्रदेश के रायबरेली में विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास बलिदानों का रहा है और देश की कमान संभालकर कांग्रेस ने राष्ट्र को नई दिशा देते हुए आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा कि जो देश आज विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है उसकी मज़बूत नींव कांग्रेस ने ही रखी है। मुख्यमंत्री ने नुक्कड़ सभाओं में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कार्यों और शुरू की गई नई योजनाओं का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में 15 महीने के कार्यकाल में 10 में से 6 गारंटियों को पूरा किया जा चुका है।

**अग्निहोत्री**

कांग्रेस के स्टार प्रचारक व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा बुरी तरह परास्त होगी। वे आज शिमला संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में नालागढ़ में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि इस बार भाजपा को अनेक राज्यों में बड़ा नुकसान हो रहा है और 4 सौ पार का नारा हवा होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिमाचल की देव भूमि में जिस तरह से धन–बल से सरकार को तोड़ने की साजिश रची उसका प्रदेश की जनता जवाब देगी। अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार भाजपा की साजिश के बाद और मज़बूत हुई है और उपचुनाव के परिणाम के बाद पूरी तरह मज़बूत होगी। बाद में अग्निहोत्री ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा के समर्थन में चताड़ा में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर लोगों से सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला, युवा, किसान, बागवान और कर्मचारी विरोधी है और प्रदेश की जनता आपदा के समय विरोध करने वाले नेताओं को सबक सिखाएगी।

**सुरेश कश्यप–राजीव भारद्वाज**

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र की जनता से संवाद कर लोकसभा चुनाव में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का और सभी जातियों का एक समान विकास किया है। सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित, महादलित और आदिवासियों के आरक्षण को छीनकर एक वर्ग विशेष को देना चाहती है, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। इस बीच कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। धर्मशाला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री ने हस्तशिल्पकारों के कौशल को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल का संकल्प लिया है और किन्नौर व लाहौल स्पीति की कला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।

**नामांकन पत्र**

प्रदेश में चार लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज छंटनी की गई। छंटनी के बाद संसदीय क्षेत्रों में 40 और विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए कुल 25 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए हैं। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में कुल 23 नामांकन पत्रों की छंटनी के बाद 11 नामांकन, मण्डी लोकसभा क्षेत्र में 22 में से 10, हमीरपुर में 20 में से 12 और शिमला संसदीय क्षेत्र में कुल

15 नामांकन प्रपत्रों में से 7 नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि धर्मशाला, लाहौल–स्पिति और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए पांच–पांच, जबकि सुजानपुर में 8 नामांकन, बड़सर में 3 और गगरेट में 7 नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप–चुनाव के लिए एक उम्मीदवार की आपत्ति के कारण छंटनी प्रक्रिया आगामी दिवस के लिए स्थगित की गई है।

**विक्रमादित्य**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज कुल्लू ज़िला के दोहरानाला, भुट्टी, शॉट और त्राम्बली में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश के लिए अपना विज़न बिल्कुल स्पष्ट रखा है और मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास के मुद्दों को केन्द्र के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत को मंडी संसदीय क्षेत्र के बारे में जानकारी नहीं है और मेरी लड़ाई सिर्फ मंडी को देश का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र बनाने की है।

**राजेन्द्र राणा**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र राणा ने कहा है कि उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है और कांग्रेस प्रत्याशी विकास कार्यों को लेकर फिजूल बयानबाजी कर रहे हैं। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कई प्रकार की जांच करवाने की बात कह रहे हैं और 9 विधायकों के खिलाफ कई तरह के मुकदमें दर्ज करवाए गए हैं। राजेन्द्र राणा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने 6 विधायकों को षडयंत्र के तहत निष्कासित किया है। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं और 4 लोकसभा सहित विधानसभा की 6 सीटों के उपचुनाव में भाजपा जीत हासिल करेगी।

**सुभाष मंगलेट**

पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता सुभाष मंगलेट ने आज शिमला में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस दौरान जुब्बल–कोटखाई से पूर्व ज़िला परिषद सदस्य शकुंतला ने भी भाजपा का दामन थामा। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दोनों नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुभाष मंगलेट के पार्टी में शामिल होने से चौपाल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को मज़बूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं और इसी वजह से आज कांग्रेस के पास न नेता है न नीति और न ही नीयत है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को आगे ले–जाने के लिए ऐतिहासिक काम कर रहे हैं।

**स्वीप**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कल शिमला से रवाना की गई साईक्लिंग एक्सपीडिशन के तहत राज्य

चुनाव विभाग के आइकॉन जसप्रीत पॉल ने आज रामपुर, और नोगली में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया। बाद में जसप्रीत पाल जनजातीय जिला किन्नौर के प्रवेश द्वार चौरा पहुंचे, जहां जिला निर्वाचन विभाग व स्वीप टीम के सदस्यों ने स्टेट आइकन का स्वागत किया। इधर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए सदर मंडी विधानसभा क्षेत्र में आज स्वच्छता श्रमदान कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। उधर ऊना ज़िले में स्वीप कार्यक्रम के तहत आई.आर.बी.एन बनगढ़ बटालियन के मैदान में सौ से अधिक पुलिस कर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।